प्रेस नोट

दिनांक 05.05.2025

28वीं अन्तर्जनपदीय हैण्डबॉल क्लस्टर (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025

आज दिनांक 05.05.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा 03 दिवसीय, 28वीं अन्तर्जनपदीय हैण्डबॉल/ बॉस्केटबॉल क्लस्टर (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025 के आयोजन का शुभारम्भ किया गया।

दिनांक 05.05.2025 से 07.05.2025 तक 03 दिवसीय, 28वीं अन्तर्जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज की बॉस्केटबॉल क्लस्टर (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के 08 जनपदों में से 06 जनपदों की आयी टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा प्रतियोगिता में भाग ले रही समस्त टीमें एवं उनके सम्मानित प्रशिक्षकों से वार्ता कर खेल भावना की उच्च मर्यादाओं के प्रति प्रतिबद्धता हेतु निर्देश दिए गए। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालें पुलिस खिलाडियों को सम्मानित किया जायेगा।

इसी क्रम में आज दिनांक 05.05.2025 को आयोजित बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता जनपद हमीरपुर पुलिस व महोबा पुलिस टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें हमीरपुर पुलिस प्रथम रहीं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी सदर व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर उपस्थित रहे।